हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री


4 मौसम ने ली अचानक करवट, तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी, फसलों को नुकसान

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## खबर संक्षेप

### डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने बने सुविधा केन्द्र

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन पर तैनात सभी कर्मचारियों, अधिकारियों एवं अनुपस्थित-अनिवार्य सेवा के निर्वाचक के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। सुरक्षा बल, कोटवार एवं अन्य जिले के अधिकारी, कर्मचारी के लिए 29 अप्रैल से 3 मई प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक नवीन ऑडिटोरियम भवन जिला पंचायत के बाजू में जांजगीर, जिले के मतदान कर्मी 29 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 1 जांजगीर, अनिवार्य सेवा के मतदाता कर्मचारियों पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जांजगीर में 1 से 3 मई तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक एवं 4 मई से 6 मई तक प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जांजगीर में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

### सिटी क्लब में वालीबॉल समर कैंप का आयोजन 25 से

**जांजगीर-चांपा।** सिटी क्लब जांजगीर के द्वारा वॉलीबॉल का समर कैंप आयोजन स्व. बहादुर लाल राठौर मेमोरियल वॉलीबॉल ग्राउंड सिटी क्लब जांजगीर में किया जा रहा है।

संविक्षा व नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित

# 9 नामांकन निरस्त, 2 ने छोड़ा मैदान, 18 के बीच होगा संग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा लोक सभा चुनाव लड़ने के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने वाले 29 में से 9 अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त हो गए। इसके बाद शेष 20 में से 2 लोगों ने अपना नाम वापस ले लिया। अब 18 उम्मीदवार चुनाव मैंदान में है, जिनके बीच मुकाबला होगा। संविक्षा व नाम वापसी के बाद सभी को चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया गया।

गौरतलब है कि अनुसूचित जाति के आरक्षित प्रदेश के एकमात्र जांजगीर चांपा लोकसभा सीट क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए कुल 29 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया था। जिसमें संवीक्षा उपरान्त 20 अभ्यर्थियों का नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाया गया। जिसमें से सोमवार 22 अप्रैल को 2 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस लिया है। नाम वापस लेने के उपरांत 18 विधिमान्य अभ्यर्थियों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रतीक चिन्ह आबंटिन किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा से दिनेश बंजारे निर्दलीय एवं श्रीमती रूखमणी गंगासागर चेलकर सर्व आदि दल ने अपना नाम वापस ले लिया है। इसके उपरांत श्रीमती कमलेश जांगड़े भारतीय जनता पार्टी को कमल, डॉ रोहित डहरिया बहुजन समाज पार्टी को हाथी, डॉ शिवकुमार डहरिया इंडियन नेशनल कॉग्रेस हाथ, इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों को बाल्टी, बांसुरी, कैरम बोर्ड, गैस सिलेंडर, आटो रिक्शा, गिलास आदि चुनाव चिन्ह मिले है।




### किसी को बाल्टी तो किसी को आटो रिक्शा

चुनाव चिन्ह के आबंटन में भाजपा, कांग्रेस और बसपा के उम्मीदवारों को अपनी पार्टी का सिम्बाल मिला है, तो वहीं क्षेत्रीय दलों व निर्दलीय उम्मीदवारों को बाल्टी, केटली, नारियल, आटो रिक्शा आदि प्रतीक चिन्ह मिले है। अनिल मनहर हमर राज पार्टी को बाल्टी, गोपाल प्रसाद खुंटे भारतीय शक्ति चेतना पार्टी को बॉसुरी, जगजीवन राम सतनामी आजाद जनता पार्टी गन्ना किसान, दीपक कुमार खूंटे आजाद समाज पार्टी (काशीराम) को केतली, श्रीमती बृन्दा चौहान छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी को डीजल पम्प, श्रीमती विजय कुमार कुर्रे राष्ट्रीय जनसभा पार्टी को नारियल फार्म, श्रीमती विजयलक्ष्मी सूर्यवंशी नट असंख्य समाज पार्टी को आटो-रिक्शा, अधिवक्ता शैलेन्द्र बंजारे (शक्तिपुत्र) शक्ति सेना (भारत देश) को गैस सिलेण्डर, अरविन्द कुमार निर्दलीय को कैरम बोर्ड, आनंदराम गिलहरे निर्दलीय को हाथ गाड़ी, एड.टी.आर. निराला निर्दलीय को सेब, मीना चौहान निर्दलीय को ईंटे, इंजीनियर रेवा कुर्रे निर्दलीय को बल्ला, श्रीमती विद्यादेवी सोनी निर्दलीय का कांच का गिलास एवं सीमा महिलांगे निर्दलीय को उपहार प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया।

### अधिक हुए प्रत्याशी, लगेगी 2 सेट मशीनें

लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 29 उम्मीदवारों ने नामांकन जमा किया था। संविक्षा के दौरान 9 फार्म निरस्त होने और 2 लोगों के मैदान छोड़ने के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या 18 हो रही है। इसके साथ नोटा मिलाकर 9 सिम्बाल होंगे। इस तरह की स्थिति में यहां सभी बूथों पर 2-2 मशीनें लगेंगी। 1 मशीन में 15 प्रत्याशी और 1 नोटा मिलाकर 16 नाम आते है। यहां 18 प्रत्याशी और नोटा मिलाकर कुल संख्या 19 हो रही है। ऐसे में यहां 2 मशीनों का उपयोग होगा।

### प्रेक्षक ने ली राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जांजगीर-चांपा क्षेत्र लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी, व्यय प्रेक्षक पवन कुमार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने सोमवार 22 अप्रैल को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई है। डाक मतपत्र के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान करने के दौरान सूचना दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सी-विजिल एप या कन्ट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। राज्य एवं जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेंगी। लोकसभा स्तर पर भी एमसीएमसी कमेटी गठित की गई है। मतदान समाप्ति के समय से 48 घंटे पूर्व की अवधि में प्रकाशित किये जाने वाले विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन आवश्यक है।

# प्रधानमंत्री का आगमन आज, सक्ती जेठा में जनसभा को करेंगे संबोधित

## कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंगलवार 23 अप्रैल को सक्ती आगमन हो रहा है। वे जेठा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे इसको लेकर वरिष्ठ नेताओं के साथ पूरा अमला तैयारियों में जुटा रहा। कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था बनाने देर रात तक काम होता रहा।

तय कार्यक्रम के मुताबिक लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मंगलवार 23 अप्रैल को सक्ती के जेठा मैदान में बड़ी सभा आयोजित की गई है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री ओ पी. चौधरी के साथ वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। इसके लिए पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी। इसी कड़ी में सोमवार 22 अप्रैल को भाजपा प्रदेश प्रभारी नितीन नवीन, जांजगीर चांपा लोकसभा के प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल, जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी और संभागीय प्रभारी अनुराग सिंह देव ने पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली। आयोजन को लेकर प्रभारी मंत्री चौधरी पूरे समय तक कार्यक्रम स्थल में डटे रहे। आयोजन स्थल पर देर रात तक तैयारी होती रही। इधर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था किए जा रहे है। सुरक्षा बल पहले से ही पहुंच गया है और उन्होंने भी तैयारियों का जायजा लिया और पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। भाजपा जिला कार्यालय सक्ती में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने व्यवस्था और तैयारी के संबंध में निर्देश दिए। प्रधानमंत्री की आमसभा को लेकर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। अभी से स्थानीय पुलिस के अलावा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी भी पहुंच गए हैं और सभा को लेकर व्यवस्था बनाने में जुटे हैं। सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी लगातार एसपी और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों से सुरक्षा को लेकर चर्चा कर रहे हैं।


प्रदेश प्रभारी की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता लेते सरोजा मनहरण राठौर।

### मोदी के आने से पहले कांग्रेस को लगा झटका, पूर्व विधायक सरोजा मनहरण राठौर समर्थकों के साथ हुई भाजपा में

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के ठीक पहले दिन सक्ती क्षेत्र में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। सक्ती विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक श्रीमती सरोजा राठौर और उनके पति पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। सोमवार 22 अप्रैल को भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितीन नवीन, प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, लोकसभा प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सक्ती पहुंचे थे। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान कांग्रेस की पूर्व विधायक श्रीमती सरोजा राठौर उनके पति एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी के साथ क्षेत्र के सरपंच नगर पालिका के एल्डरमेन सहित उनके समर्थकों ने कांग्रेस से नाता तोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। प्रदेश प्रभारी नितीन नवीन के साथ उपस्थित नेताओं ने भगवा गमछा पहनाकर सरोजा मनहरण राठौर और उनके साथ भाजपा प्रवेश करने वालों का स्वागत किया।



## खबर संक्षेप

### जिला एवं सत्र न्यायालय में भृत्य, फर्राश के पदों के लिए आवेदन कल तक

**कोरबा।** जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा की स्थापना द्वारा जारी किए गए जिसके अंतर्गत भृत्य, फर्राश एवं दफ्तरी कम फर्राश तथा आकस्मिता निधि (चौकीदार, वॉटर मैन एवं स्वीपर) के रिक्त पदों पर छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका स्थापना (भर्ती एवं सेवा शर्तें) कर्मचारी नियम 2023 के प्रावधानों के अनुसार विज्ञापन की शर्तें एवं चयन प्रक्रिया को संशोधित किया गया है तथा पूर्व में प्रस्तुत सभी आवेदन को वैध मानते हुए 24 अप्रैल तक वंचित उम्मीदवारों को आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला न्यायालय कोरबा के वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**हरदीबाजार।** ग्राम धतुरा बस्ती में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का कलशयात्रा के साथ आरंभ हुआ। कथा प्रारंभ होने के पहले दिन घर से बस्ती भ्रमण करते हुऐ देव स्थल, तालाब से जल भर कर कलशयात्रा कथास्थल पहुंची। उसके बाद वेदीपुजन, देवपुजन के बाद श्रीमद् भागवत कथा आरंभ हुई। कथावाचक आचार्य पं.विजय कुमार शर्मा जांजगीर वाले हैं, जो अपने मुखारविंद से कथा श्रवण करायेंगे। कथा समय दोपहर 2 बजे से प्रभु इच्छा तक रहेगी एवं 20 अप्रैल से चालू होकर 28 अप्रैल को हवन, शस्त्रधारा, ब्राह्मण भोजन के साथ तक कथा विश्राम होगा। पंडित शैल कुमार मिश्रा के द्वारा सभी अनुष्ठान संपादित किया जायेगा। कथा के मुख्य यजमान, रूपलाल राठौर दिलेश्वरी राठौर, संजू राठौर कीर्ति रेवती राठौर, रविन्द्र राठौर, रागिनी राठौर, नरेंद्र राठौर ने गांव व जनमानस को कथा श्रवण करने व भोजन भंडारे में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### सहायक डाक अधीक्षक को दी गई विदाई



**बरपाली।** सहायक डाक अधीक्षक आर देवांगन का स्थानांतरित बिलासपुर होने पर उप डाक भैसमा के अन्तर्गत आने वाले सभी शाखा डाकघर एवं उप डाकघर मिलकर भैसमा उप डाकघर में विदाई दी गई। जीआर देवांगन सहायक डाक अधीक्षक कोरबा में पहले प्रमोशन मे जगह मिली थी, इसके पूर्व वे संभागीय उप निरीक्षक जमनीपाली में थे। वे इन स्थानों मे रहकर सभी कर्मचारियों से टीम भावना लेकर काम लेते रहे। उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बिदाई समारोह में उप डाक पाल भैसमा पुलसते, लिपिक विश्वकर्मा, शाखा डाक पाल, सहायक शाखा डाक पाल, मेल ओव्हर, सियर विक्रम सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

### दो ट्रेलर में भिड़ंत, केबिन में फंसे परिचालक



**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर दर्री एनटीपीसी मार्ग पर दो ट्रेलर वाहन की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस घटना में एक ट्रेलर वाहन का परिचालक केबिन में ही फंस गया। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बड़ी मशकक्त के बाद केबिन में फंसे परिचालक को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाय जहां उनका उपचार जारी है।

### बंधक बनाकर रखा था युवकों को, कराया गया रिहा

**कोरबा।** एक मार्केटिंग कंपनी बेरोजगार युवकों को बड़े बड़े सब्जबाग दिखाकर उन्हें ट्रेनिंग देने के बहाने बंधक बनाकर रख लिया था। मामला सिविल लाइन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत खरमोरा की है। यहां जीटीके मार्केटिंग नामक कंपनी का संचालन किया जाता है जहां बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के नाम पर कंपनी ने रखा हुआ है। एक सप्ताह से विभिन्न क्षेत्रों के युवा यहां पर सामानों को बेचने की तकनीक सिखाने के लिए रखे गए हैं। विष्णु और शेखर नामक युवकों के द्वारा मार्केटिंग कंपनी का विज्ञापन देकर इन युवकों को झांसे में लिया गया। प्रत्येक व्यक्ति से 18 हजार रुपए वसूल किए गए। इन लोगों को काम करने के बदले ऊंचा वेतन देने की बात कही गई थी लेकिन ना तो उन्हें ऊंचा वेतन मिला और ना ही उनके द्वारा दिए गए रकम को वापस किया गया। ऐसे में सावन कुमार और रितिक ने जब यहां से अपने घर लौटने का इरादा बनाया तो उन्हें बंधक बना लिया गया ।

# एक भवन में ही चल रहे हैं एलोपैथिक व आयुर्वेदिक चिकित्सालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जिले में चल रहे प्रचार प्रसार की कड़ी में जिले के दूरस्थ ग्राम मोरगा में संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधा का लाभ 8 ग्राम पंचायतों के 34 गांव के लोगों को मिल रही है, किंतु अब तक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी को अपना भवन नहीं मिल सका है। पीएचसी के ही एक कमरे में संचालित आयुर्वेद डिस्पेंसरी में प्रतिदिन 20 से 25 मरीज ग्रामीण अंचलों से पहुंच रहे हैं।

दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भवन का निर्माण किया जाने लगा है। एलोपैथिक चिकित्सा सुविधा के लिए उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए भवन का निर्माण हुआ, तो वहीं दूसरी ओर आयुर्वेद डिस्पेंसरी के लिए भवन निर्माण का प्रस्ताव अभी भी जिला स्तर पर अटका हुआ है। अपातकालीन चिकित्सा के लिए एलोपैथिक चिकित्सालय भी संचालित हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन में ही दोनों सुविधाएं एक साथ चल रही है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण यहां दूरदराज के ग्रामीण इलाज के लिए पहुंचते हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रचार प्रसार के लिए ग्रामीण अंचलों में शिविर भी लगाए जाने लगे हैं। पूर्व में दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में शिविर लगाना तो दूर की बात वहां के ग्रामीण चिकित्सालय ही नहीं पहुंचते थे। आज स्थिति यह है कि ग्रामीण अंचलों के लोग आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति जागरूक होकर इलाज कराना शुरू कर दिए हैं। यहां पदस्थ चिकित्सक की मानें तो क्षेत्र में आयुर्वेद चिकित्सा का प्रचार प्रसार की गहन जरूरत है। इसके लिए कार्य किया जा रहा है। प्रतिदिन 25 से 30 मरीज सुबह के समय ही पहुंचते हैं। आकस्मिक चिकित्सा सुविधा भी डिस्पेंसरी में दी जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों के लिए शिविर की सुविधा उनकी मांग के अनुसार दी जा रही है।

## अब तक नहीं मिला आयुर्वेद डिस्पेंसरी को अपना भवन

**खास बातें**

- मोरगा क्षेत्र के 35 गांव तक पहुंच रही आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा
- प्रतिदिन 25 से 30 मरीज पहुंचते हैं आयुर्वेद अस्पताल



**औषधियों का भंडार**

केंदई वनांचल क्षेत्र में वन औषधियों का भंडार है, किंतु अब तक इसके लिए सर्वे का काम किसी भी विभाग के द्वारा नहीं किया गया है। विभाग ने अपनी ओर से एक प्रस्ताव वन विभाग को भेजा है ताकि यहां मिलने वाली वन औषधियों की पहचान की जा सके।

## शाम ढलते ही बन जाता है असामाजिक तत्वों का अड्डा

# ना बिजली और ना ही पानी, उजड़ गया सर्वेश्वरी मंदिर का उद्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री बांध के समीप प्रगतिनगर क्षेत्र में बनाया गया सर्वेश्वरी मंदिर उद्यान अब उजड़ गया है। न तो यहां बिजली की व्यवस्था है और ना ही पानी की। सुविधाओं की दरकार मंदिर और सर्वेश्वरी उद्यान में बनी हुई है। टूटी कूर्सी और टूटे झूले अब इस उद्यान की पहचान बनती जा रही है। एक बड़ी राशि खर्च कर उद्यान को नया स्वरूप दिया गया था। आज वह उस स्वरूप को तरस रहा है।

शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों में भी शाम के समय आमजनों के लिए घूमने के लिए कोई बड़े गार्डन नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। एनटीपीसी के सिल्वर जूबिली पार्क के अलावा अन्य किसी स्थान में ऐसे कोई गार्डन नहीं दिख रहे हैं। दर्री प्रगतिनगर क्षेत्र में बनाया गया सर्वेश्वरी मंदिर उद्यान को आम लोगों के लिए एक बड़ी राशि खर्च कर तैयार किया गया था, जिसके तहत उद्यान में कुर्सी, झूले और अन्य सुविधाएं दी गई थी। लाईट भी लगाई गई थी, गार्डन के तैयार होने के बाद दर्री क्षेत्र के लोगों को एक सर्व सुविधायुक्त गार्डन मिल गया था, लेकिन धीरे धीरे गार्डन की तस्वीर बदलती गई। आज स्थित यह है कि जो गार्डन शाम ढलने के बाद गुंजायमान हुआ करता था और रात में लाइटों से जगमगाया करता था आज वह अंधेरे में समाया हुआ है। न तो अब लोग वहां आते हैं और न अब गार्डन जैसा नजर आता है। असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। आसपास के निवासी बताते हैं कि गार्डन में कभी भीड़ हुआ करती थी आज वह स्थिति नहीं है।



सर्वेश्वरी मंदिर का उद्यान जहां बैठने के लिए कुर्सियां भी नहीं।

**नहीं बनी कोई कार्य योजना**

सर्वेश्वरी उद्यान को संवारने के लिए अभी कोई नई योजना नहीं बनी है। हालांकि हसदेव बराज के किनारे नगर निगम ने एक सर्वसुविधायुक्त गार्डन का निर्माण जरूर करा दिया है जहां विद्युत मंडल आवासीय परिसर के लोग उक्त गार्डन में पहुंचते हैं। गार्डन को आकर्षक रूप देने के लिए नगर निगम के द्वारा सिंचाई विभाग के सहयोग से एक बड़ी राशि खर्च की है। सर्व सुविधायुक्त गार्डन में शाम ढलते ही भीड़ भी दिखती है। सर्वेश्वरी उद्योन की ओर अब लोग जाना मुनासीब नहीं समझते हैं।

# रखरखाव के अभाव में भवन हो रहे जर्जर, नहीं हुई कोई खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पीजी कॉलेज में खेल सुविधाओं को लेकर इनडोर बैडमिंटन कोट का भवन बनाया गया था। खेल मैदान से लगा यह भवन रखरखाव के अभाव में अब यह जर्जर हो चुका है। डीएमएफ मद से बने इस भवन में अब तक किसी तरह की कोई प्रतियोगिता नहीं हुई है, जबकि प्रतिवर्ष महाविद्यालय से प्रतिवर्ष बैडमिंटन स्पर्धा में भाग लेने छात्र छात्राएं विश्व विद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेते हैं।

महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं को लेकर पीजी कॉलेज की एक अपनी पहचान है। विश्वविद्यालय खेल कैलेंडर के अनुसार यहां महाविद्यालयीन स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। जिले का सबसे बड़ा कॉलेज होने के कारण खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु महाविद्यालय के पीछे इनडोर बैडमिंटन कोट का निर्माण डीएमएफ मद से किया गया था। निर्माण में एक बड़ी राशि खर्च होने के बाद भी वह अपने अस्तित्व में नहीं आ सका। रखरखाव के अभाव में भवन जर्जर होने की स्थिति में पहुंच चुका है। स्थिति यह है कि भवन का मेन गेट ही गायब हो चुका है। साथ ही भवन के अंदर टाईल्स आदि भी उखड़ चुके हैं। बिजली के लगे सामान भी गायब हो चुके हैं। अब वह भवन किसी भी प्रतियोगिता के लिए उपयुक्त नहीं रहा। स्थिति यह है कि आसपास झाड़ियां उग जाने से भवन के अंदर प्रवेश करना ही मुश्किल प्रतीत होता है। सुबह खेलने के लिए आने वाले खिलाड़ियों ने बताया कि जिस तरह की व्यवस्था व सुविधाएं खिलाड़ियों को महाविद्यालय में होनी चाहिए वैसी नहीं मिल रही है। बड़ी राशि खर्च करने के बाद बनाया गया इतना बड़ा भवन इसका उदाहरण है। जिसके रखरखाव में कॉलेज प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है।



पीजी कालेज का हॉस्टल और मैदान।

**पेयजल की सुविधा नहीं**

महाविद्यालय के पीछे ग्राउंड में सुबह आने वाले खिलाड़ियों के लिए पेयजल तक की सुविधा नहीं है। गर्मी के दौर में खिलाड़ी घर से पानी ला रहे हैं। खिलाड़ियों के अलावा प्रतिदिन लोग गाउंड अपने अभ्यास के लिए आते हैं। दौड़ने व वाकिंग के अलावा व्हालीवॉल फुटबॉल और क्रिकेट की प्रैक्टिस खिलाड़ी करते हैं, किंतु पीने के लिए पानी उन्हें नहीं मिलता। इसके साथ ही कॉलेज मैदान के कुछ हिस्से अभी भी झाड़ियों से ढके हुए हैं, जिसकी सफाई भी नहीं की जा रही है। आसपास झाड़ियों की सफाई किए जाने से मैदान का दायरा बढ़ जाएगा और जिन हिस्से का उपयोग अभी नहीं हुआ है उसका भी उपयोग होने लगेगा।

# तालाब में मिली लाश जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जल्के पंडोपारा में महुआ बीनने के लिए आई महिला की तालाब में आधी रात को तैरती लाश मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। फूलबतिया बाई पंडो 50 वर्ष पति रतन पंडो ग्राम बरईयाडांड थाना प्रेमनगर जिला सूरजपुर में निवास करती थी। कोरबी चौकी क्षेत्र में महुआ फल के बहुतायत होने पर रिश्तेदारों के बुलावे पर महुआ बिनने के लिए एक माह से आकर यहां रूकी हुई थी। रोजाना महुआ फल तैयार होने पर संग्रहण कर रही थी। दो दिन पूर्व उक्त महिला अपने घर से सारा काम निपटाकर तालाब में नहाने के लिए पंडोपारा जल्के चौकी कोरबी गई थी लेकिन तालाब किनारे कहीं कोई जानकारी नहीं मिलने तथा तालाब में हलचल नहीं होने के कारण किसी को जानकारी नहीं हुई। जबकि उसके घर वालों को यह आभास था कि वह तालाब में जरूर डूबी हुई है। इस वजह से उसकी खोजबीन दो दिनों से जारी थी। अंततः शनिवार की देर रात को उक्त महिला की तालाब में तैरती लाश बाहर आ गई। इसके बाद मृतक के परिजनों की सूचना पर कोरबी चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कार्यवाही कर उसे पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

# बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**कोरबा।** एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को ठोकर मार दिया। बोलेरो की ठोकर से ससुर दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां ससुर को मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस दुर्घटनाकारित वाहन की तलाश कर रही है। दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत शक्तिनगर में रामखिलावन 60 वर्ष निवास करता था। वह अपने दामाद झुक्खीराम चुटैल 55 वर्ष के साथ शनिवार को कहीं गया था। ससुर दामाद अपना काम निपटाकर घर लौट रहे थे। वे मुख्यमार्ग में गेवरा सब स्टेशन के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने बाइक को ठोकर मार दिया। बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार ससुर दामाद सडक़ पर जा गिरे। घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई। लोग मौके पर एकत्रित होते, इससे पहले चालक बोलेरो सहित फरार हो गया। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से ससुर दामाद को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस की मानें तो अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत वृद्ध को मृत घोषित कर दिया, जबकि दामाद का इलाज जारी है। पुलिस दुर्घटनाकारित बोलेरो व चालक की तलाश कर रही है।

# पिकनिक मनाने गए दो युवक डूबे, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

भीषण गर्मी को लेकर लोग स्वीमिंग पुल, वेवपुल और पिकनिक स्पॉट के जलाशयों में पहुंचने लगे हैं, लेकिन लापरवाही भारी पड़ सकती है। ऐसा ही कुछ मामला कटघोरा क्षेत्र में कोडा नदी में सामने आया, जहां नदी में छलांग लगाने वाले युवक डूबने लगे। एक को किसी तरह बचा लिया गया, लेकिन दूसरे की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कटघोरा निवासी विपिन दुबे 25 वर्ष रविवार की छुट्टी होने पर अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने कोडा नदी आया हुआ था। गर्मी से राहत पाने विपिन ने अपने एक साथी के साथ नदी में छलांग लगाई। गहराई अधिक होने के कारण विपिन और उसका साथी डूबने लगे।

# पर्यावरण संरक्षण मंडल की अध्यक्ष ने किया कुसमुण्डा खदान का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर की अध्यक्ष आर. संगीता ने कुसमुंडा ओपन कास्ट विस्तार परियोजना का दौरा किया। एसईसीएल निदेशक तकनीकी फ्रैंकलिन जयकुमार के साथ उन्होंने खदान के कार्यसंचालन के बारे में जाना।

इस दौरान कुसमुंडा टीम ने बताया कि किस तरह कुसमुंडा खदान छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास में योगदान दे रही है और बीते वित्त वर्ष 23-24 में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन हासिल करने वाली देश की दूसरी खदान बनी है। खदान में कोयला निकालने के लिए ब्लास्टिंग-रहित अत्याधुनिक तकनीक से लैस सरफेस माइनर का प्रयोग के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया कि तीसरे चरण के सी.एच.पी. के पूरा होने के बाद, 95 फीसदी कोयला निकासी मशीनीकृत साधनों कवर्ड बेल्ट कन्वेयर और साइलो द्वारा रेक में स्वचालित लोडिंग द्वारा की जाएगी। परियोजनाओं के डिजिटलीकरण के बारे में भी विस्तार से बताया गया जो इंडस्ट्री 4.0 के लिए एक प्रयास है। रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र, 5 इलेक्ट्रिक व्हीकल, ई.टी.पी.,सडक़ों पर पानी का छिडक़ाव, डम्पर धुलाई जैसे औद्योगिक उद्देश्यों के लिए खदान के पानी का पुनः उपयोग जैसी हरित पहल की सराहना की गई। अध्यक्षा को जानकारी दी गयी कि एसईसीएल द्वारा छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लक्ष्य के अनुरूप समग्र अल्पकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार की जा रही हैं। दौरे के दौरान अध्यक्षा के द्वारा रीक्लेम्ड ओबी डम्प पर पौधरोपण भी किया गया। दौरे के दौरान मुख्यालय से राजशेखर, महा. (यो/परि), कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबन्धक राजीव सिंह, स्टाफ ऑफिसर(यो/परि), कुसमुंडा क्षेत्र प्रकाश राय एवं अन्य अधिकारीगण साथ रहे।



### भारतीय योग संस्थान ने मनाया स्थापना दिवस

**कोरबा।** भारतीय योग संस्थान ने अपने स्थापना के 58वें वर्ष पूर्ण कर लिए है। इस मौके को यादगार बनाने के लिए योग संस्थान ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। संत कंवर राम उद्यान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने योगाभ्यास भी किया। कोरबा के संत कंवर राम उद्यान में रविवार को योग पर आधारित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय योग संस्थान के 58वें वर्ष पूर्ण होने के मौके पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। 1967 को संस्थान की स्थापना हुई थी, जिसके बाद से ही यह संस्थान लगातार लोगों को योग की शिक्षा दे रहा है। भारतीय योग संस्थान कोरबा की प्रमुख श्रीमती आभा अग्रवाल ने बताया कि उनकी संस्था 58 वर्ष से निरंतर योग के जरिए लोगों की सेवा करती आ रही है।




**समक्ष नोटरी ऑफिसर महोदय हसौद**
**-:: शपथ पत्र ::-**
**सक्षम अधिकारी के पास प्रस्तुत करने बाबत**

मैं शपथकर्ता उत्तराबाई साहू उम्र 54 वर्ष पति महेत्तरलाल साहू जाति तेली ग्राम हसौद तहसील हसौद जिला-सक्ती (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि शपथ पूर्वक सत्य कथन करती हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते की मूल निवासी एवं कास्तकार हूँ।
2. यह कि मैं शपथकर्ता, विक्रेता रविशंकर पिता रमेसर के पास से रजिस्ट्र बैनामा के माध्यम से जमीन क्रय की हूँ। जिसका सर्टिफिकेट क्रमांक- IN - CG11965526536007R है। जिसकी रजिस्ट्री दिनांक- 26/07/2019 हुआ है।
3. यह कि उक्त रजिस्ट्री पेपर में संलग्न विक्रेता का आधार कार्ड, क्रेता का आधार कार्ड, दो गवाहो का आधार कार्ड और चार लाख एकसठ हजार रूपये का चेक घर में ही रख रखाव के कारण कहीं गुम हो गया है। बहुत ढूंढने पर भी नहीं मिल रहा है। जिससे मुझे अनेक कार्य में काफी पेरशानी हो रही है।
4. यह कि उक्त रजिस्ट्री पेपर में संलग्न विक्रेता का आधार कार्ड, क्रेता का आधार कार्ड, दो गवाहो का आधार कार्ड और चार लाख एकसठ हजार रूपये का चेक गुम हो जाने की सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना चाहती हूँ जिस संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**उत्तराबाई**

**-:: सत्यापन ::-**

मैं शपथकर्ता उत्तराबाई साहू यह सत्यापित करती हूँ कि इस शपथ पत्र कि कण्डिका क्र. 1 से 4 तक कि लिखि बातें सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक- 22/04/2024 को स्थान- हसौद में पढ़कर पढ़ाकर सुनकर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

दिनांक: 22/04/2024

**शपथकर्ता**
**उत्तराबाई**



22- APR-Jash-RAGH--CORIYA-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/22/2024 8:05 PM Page 1





# 'कल्कि 2898 एडी' से अमिताभ का लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के नए पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। उत्साह को बढ़ाते हुए 'कल्कि 2898 एडी' का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। नया पोस्टर आज हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है।

लाइफ Style



# ममता

## टॉपलेस फोटोशूट से चर्चा में आ गईं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ममता कुलकर्णी 52 वर्ष की हो गईं। मुंबई में 20 अप्रैल, 1972 को जन्मीं ममता कुलकणी ने वर्ष 1991 में तमिल फिल्म ननबरगल से अपने सिने करियर की शुरुआत की।

ममता कुलकर्णी की मां ने एक अखबार में मॉडलिंग एजेंसी का ऐड देखा। ममता को लेकर उनकी मां ऐड एजेंसी के दफ्तर गईं। बाद में ममता कुलकर्णी ने मॉडलिंग में खूब नाम कमाया। ममता कुलकर्णी ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1992 में प्रदर्शित फिल्म तिरंगा से की। राजकुमार और नाना पाटेकर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में ममता कुलकणी ने छोटी सी भूमिका निभाई थी। इसके बाद ममता कुलकर्णी ने 'मेरा दिल तेरे लिए' में काम किया, लेकिन अपनी पहचान नहीं बना सकी। 1993 में स्टारडस्ट मैगजीन के लिए टॉपलेस फोटोशूट करवाकर ममता कुलकर्णी चर्चा में आ गई थीं। वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म 'आशिक आवारा' ममता कुलकर्णी के करियर की पहली हिट फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में ममता कुलकर्णी की जोड़ी सैफ अली खान के साथ काफी पसंद की गयी। इसके बाद ममता कुलकर्णी ने 'वक्त हमारा है' और 'क्रांतिवीर' जैसी हिट फिल्मों में भी काम किया। वर्ष 1995 में प्रदर्शित फिल्म 'करण-अर्जुन' ममता कुलकर्णी के करियर की सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में ममता कुलकर्णी ने सलमान खान के अपोजिट काम किया।

हॉलीवुड मसाला



# ...अब थोड़ा बहुत पीना कर दिया शुरू

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड एक्टर किम कार्दशियन ने हाल ही में बड़ा खुलासा किया है। बता दें एक्ट्रेस ने बताया है कि वह अब कॉफी और शराब दोनों का सेवन करती हैं। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा करते हुए कहा, मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। मुझे ऐसा लगता है कि मुझे खुद को थोड़ी छूट दे देनी चाहिए। बता दें कि रिपोर्ट के मुताबिक किम ने इन्हें पीना क्यों शुरू किया, इस पर उन्होंने कहा कि वह हमेशा काम के मूड में रहने की अपनी आदत में बदलाव लाना चाहती हैं।



# 'आयरन मैन' को 6 साल की उम्र में लगी थी ड्रग्स की लत

**लॉस एंजिलस।** मारवल के सुपरहीरो 'आयरन मैन' की दीवानगी पूरी दुनिया में है। जब आयरन मैन की मौत को 'एवेंजर्स एंडगेम' में स्क्रीन पर दिखाया गया तो सिनेमाहॉल में सिसकियां गूंजने लगी थीं। बीते 20 सालों से 'आयरन मैन' का किरदार निभाने वाले हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर भी लोगों के काफी चहेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं रॉबर्ट को महज 6 साल की उम्र में ड्रग्स की लत हो गई थी और इसके लिए जिम्मेदार कोई और नहीं बल्कि उनके पिता थे। सालों बाद एक्टर के पिता ने अपनी इस हरकत पर अफसोस जताया। दरअसल, रॉबर्ट डाउनी जूनियर का अपने पिता रॉबर्ट डाउनी सीनियर के साथ करीबी रिश्ता था। हालांकि दुर्भाग्य से बचपन से ही उनके बेटे पर उनका बुरा प्रभाव पड़ा। ऐसशोबिज डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, गोल्डन ग्लोब विजेता अभिनेता ने 'सीनियर' नामक एक नई डॉक्यूमेंट्री में अपने फिल्म निर्माता पिता और अपने निराशाजनक पालन-पोषण में अपने पिता की भूमिका पर प्रकाश डाला है।



# 'सिंघम अगेन' में जबरदस्त एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगे। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म में दीपिका पादुकोण की लेडी सिंघम के तौर पर एंट्री हो रही है, और वह फिल्म में शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी। रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में दीपिका पादुकोण सिंघम अजय देवगन की तरह पंजे वाला पोज करती नजर आ रही हैं।



# नए संसद भवन का किया दौरा...

**नई दिल्ली।** अभिनेता और गायक आयुष्मान खुराना ने 16 अप्रैल को चुनाव से पहले नए संसद भवन का दौरा किया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा की हैं। इसके साथ अभिनेता ने खूबसूरत नोट लिखा है। आयुष्मान ने लिखा, 'नए संसद भवन का दौरा कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इस अविश्वसनीय चमत्कार को देखकर गर्व महसूस हो रहा है, जो हमारे चमकदार लोकतंत्र, हमारी विरासत और संस्कृति को उसकी महिमा में दर्शाता है। वार्नर म्यूजिक इंडिया से आयुष्मान ने मिलाया हाथ बता दें कि आयुष्मान ने हाल ही में उन्होंने देश के अग्रणी संगीत लेबल वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिला लिया है, जो दुनियाभर के दर्शकों और कलाकारों तक उनका संगीत पहुंचाएगा।

टीवी मसाला





# होने वाले पति ने आरती को दिया हल्दी पर सरप्राइज नाचने लगीं गोविंदा की भांजी

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और गोविंदा की भांजी आरती सिंह जल्द ही दुल्हन बनने के लिए तैयार हैं। वो अपनी शादी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उनका परिवार भी उनकी शादी को लेकर उत्साहित है। एक्ट्रेस अपनी शादी से जुड़ी हर छोड़ी-बड़ी बात अपने फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। आज आरकी सिंह की हल्दी रखी गई और इस खास मौके पर उन्हें खास सरप्राइज भी मिला, जिसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है। वीडियो में खूब ठुमके लगाती दिख रही हैं। ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

***कौन हैं आरती सिंह के होने वाले पति :*** आरती सिंह ने अपनी शादी का ऐलान करने के बाद भी अपने होने वाले पति का चेहरा छिपाकर रखा था। उन्होंने लंबे इंतजार के बाद फैंस को उनकी झलक दिखाई लेकिन इसमें उनका चेहरा देखने को नहीं मिला। काफी वक्त के बाद उन्होंने उनका चेहरा उजागर किया और नाम भी लोगों से शेयर किया। एक्ट्रेस के होने वाले पति का नाम दीपक चौहान है। दीपिक चौहान को फिल्म स्टार नहीं है, वो एक बिजनेसमैन हैं।

***आरती का है इन सितारों से रिश्ता :*** बता दें, आरती सिंह गोविंदा की भांजी। वो कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक की सगी बहन यानी एक्ट्रेस कश्मीरा शाह रिश्ते में उनकी भाभी हैं। कृष्णा अभिषेक ने ही पहली बार उनकी शादी की जानकारी लोगों को दी थी। आरती खुद भी टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। उन्हें असली पहचान टीवी रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' से मिली, वही सीजन जिसे सिद्धार्थ शुक्ला ने जीता था। इस शो में उनकी सिद्धार्थ के साथ खास दोस्ती भी देखने को मिली। इसके अलावा एक्ट्रेस कई टीवी शोज में भी नजर आया करती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं और अपनी शादी से लेकर लाइफ की हर छोटी-बड़ी अपडेट शेयर करती रहती हैं।

## आरती ने किया स्पेशल शख्स के लिए पोस्ट

आरती सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो ब्लैक ट्रैक सूट पहने ढोल-नगाड़ों पर नाचती झूमती नजर आ रही हैं। इस दौरान उनके दोस्त और उनकी मम्मी भी साथ नजर आ रही हैं। आरती सिंह काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। शादी को लेकर उत्साह और ग्लो उनके चेहरे पर साफ नजर आ रहा है। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए आरती ने कैप्शन में लिखा, 'आज मेरी हल्दी है और मेरी दुल्हन के घर भी ढोल नगाड़े बजने चाहिए। इतना प्यारा सरप्राइज। दीपक जिम के बाद घर में आए और लगा हाए मेरी शादी बस दो-तीन दिन में है। दीपक की आरती और अप्पुउउ धन्यवाद बस 3 मिनट में दूसरे विंग से आ जाने के लिए।

# 'खलनायक-2' की स्क्रिप्टिंग पूरी, बल्लू का रोल निभाने अभिनेता की तलाश...

**मुंबई।** निर्देशक सुभाष घई ने फिल्म खलनायक 2 की स्क्रिप्टिंग पूरी हो गयी है। इन्होंने ही करीब तीन दशक पहले संजय दत्त के साथ खलनायक बनाई थी। वे बल्लू बलराम की भूमिका निभाने के लिए कुछ लोकप्रिय युवा अभिनेताओं के साथ भी बातचीत कर रहे हैं।




हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है कि 1993 की फिल्म के सीक्वल में संजय दत्त को वापस लाया जाएगा या नहीं।

***रणवीर सिंह-रणबीर कपूर से भी संपर्क :*** घई बल्लू बलराम की भूमिका के लिए एक युवा और गतिशील अभिनेता को लेने की उम्मीद कर रहे हैं। दरअसल साउथ के पॉपुलर एक्टर भी उनकी लिस्ट में हैं। सुभाष घई बल्लू बलराम के किरदार के लिए रणवीर सिंह और रणबीर कपूर जैसे अभिनेताओं से संपर्क करना चाहते हैं। दरअसल वह सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं हैं।

## अल्लू अर्जुन और यश भी लिस्ट में

अल्लू अर्जुन और यश भी उनकी लिस्ट में हैं और वह उनसे भी संपर्क करना चाहते हैं। वह बस कोई ऐसा व्यक्ति चाहते हैं जो बल्लू बलराम की विरासत को आगे ले जा सके। खलनायक में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अनुपम खेर थे। पिछले साल फिल्म की 30वीं सालगिरह मनाने के लिए कई कलाकार एक साथ आए थे। यह फिल्म रिलीज होते ही विवादों से घिर गई थी। फिल्म का गाना चोली के पीछे क्या है एक बड़ा हिट था और इसे 2024 की फिल्म क्रू में दोहराया गया था।


# 'श्रीकांत' का पहला गाना 'तू मिल गया' जारी, जुबिन और तुलसी ने लगाए सुर



**मुंबई।** मौजूदा वक्त में राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म 'श्रीकांत' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में राजकुमा की जोड़ी अलाया एफ के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह फिल्म पहले आगामी 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। अब यह फिल्म 10 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस बीच 'श्रीकांत' का पहला गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो चुका है। श्लोक लाल ने लिखे हैं गाने के बोल 'तू मिल गया' को जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार ने मिलकर अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल श्लोक लाल ने लिखे हैं। 'श्रीकांत' का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है, वहीं इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी ने मिलकर किया है।

# 'साइलेंस 2' रिव्यू: मनोज की बेमिसाल अदाकारी खींच रही दर्शकों को...

*मुंबई। अभिनेता मनोज बाजपेयी पिछली बार फिल्म 'जोरम' में दिखे थे। भले ही बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म फेल हो गई, लेकिन अभिनेता ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों का दिल भी जीत लिया। पिछले कुछ दिनों से अभिनेता फिल्म 'साइलेंस 2' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो आज यानी 16 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो गई है। अबन भरूचा के निर्देशन में बनी यह फिल्म कैसी है।*



***हत्याओं की गुत्थी सुलझाने की कहानी :*** *'साइलेंस 2: द नाइट आउल' की कहानी एसीपी अविनाश वर्मा (मनोज) के इर्द-गिर्द घूमती है। 'साइलेंस' केवल एक हत्या पर आधारित थीं, वहीं 'साइलेंस 2' एक से ज्यादा हत्याओं पर आधारित है। पूरे शहर में अराजकता है और हत्यारा खुलेआम घूम रहा है। एक-दूसरे से जुड़ीं और उलझी हुईं इन हत्याओं की गुत्थी सुलझाने में लगे हैं अविनाश और उनकी स्पेशल क्राइम यूनिट। अब अपराधियों तक कैसे तार जुड़ते जाते हैं, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।*

*मनोज ने लगाई दमदार अदाकारी की मोहर इस फिल्म से मनोज ने फिर साबित कर दिया है कि उनके अभिनय का कोई सानी नहीं है। वह अपनी दमदार अदाकारी की छाप छोड़ने में सफल रहे। उनका रौबीला अंदाज देखते ही बनता है। मनोज ने फिल्म को शानदार बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, लेकिन कहानी और लेखन ने उन्हें 'धप्पा' कर दिया। पुलिस अधिकारी के रूप में प्राची देसाई स्क्रिप्ट से मात खा गईं, वहीं साहिल वैद्य और श्रुति भोपना जैसे कलाकारों ने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया।*

# दुनिया की पहली एआई सौंदर्य प्रतियोगिता होगी मई में, नकली हसीनाएं लेंगी भाग

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर होने लगा है। एआई से हर तरह के काम लिए जा सकते हैं। यह हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन गया है। अब जो खबर आ रही है, वो मनोरंजन जगत के लिए खास है। दरअसल, अब एआई ब्यूटी पेजेंट का ऐलान हो गया है, जो दुनिया की पहली अपनी तरह की सौंदर्य प्रतियोगिता होगी, जिसमें एआई द्वारा संचालित हसीनाएं भाग लेंगी।

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फैनव्यू' ने किया ऐलान

इस प्रतियोगिता को 'मिस एआई' नाम दिया गया है, जो एआई द्वारा संचालित और निर्मित हसीनाओं को ध्यान में रखकर शुरू की गई है और दुनियाभर में यह ऐसी पहली सौंदर्य प्रतियोगिता होगी। लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फैनव्यू' ने इसकी शुरुआत की है, जिसका आयोजन मई में होने वाला है। 'मिस एआई' का ताज पाने के लिए प्रतियोगियों को उनकी सुंदरता, तकनीक और सोशल मीडिया पर उनके दबदबे या लोकप्रियता के आधार पर आंका जाएगा।



## एआई मॉडल लोपेज के बारे में भी जान लीजिए

ऐटाना स्पेन की कंपनी द्वारा निर्मित एआई मॉडल है, जो देखने में बिल्कुल परी की तरह नजर आती है और हद की खूबसूरत हैं। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि इंस्टाग्राम पर इसके 3 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। मनमोहक मुस्कान और गुलाबी बालों वाली यह सुंदरी अक्सर दुनिया में होने वाली घटनाओं की तस्वीरें साझा करती है। तमाम ब्रांड्स के वज्ञािपन करती है और हर वज्ञािपन से लगभग 9 लाख रुपये कमाती है।

## जीतने वाली मॉडल को मिलेगा बड़ा इनाम

जजों के पैनल में 2 व्यक्ति भी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता का ताज जिस हसीना के सिर सजेगा, उसे 5,000 डॉलर (लगभग 4.2 लाख रूपये) का कैश प्राइज मिलेगा। इसी के साथ उसे 3,000 डॉलर के 'इमेजिन क्रिएटर मेंबरशिप प्रोगाम' का हिस्सा भी बनाया जाएगा। साथ ही 5,000 डॉलर का पब्लिक रिलेशन सपोर्ट भी दिया जाएगा। ये इनाम कुल लगभग 17 लाख रूपये के हैं। दूसरी और तीसरी रनर-अप को 5,000 और 2,000 डॉलर का पैकेज मिलेगा।

## *ऑस्कर की तरह होगी ये स्पर्धा*

*मिस एआई पेजेंट में एआई-जनित सुंदरियां जजों के सामने होंगी, जिनमें दो एआई इंफ्लुएंसर भी शामिल होंगे। उन मॉडलों को बनाने वाले निर्माताओं को एआई टूल की कितनी समझ है, उन्हें इस आधार पर भी परखा जाएगा। फैनव्यू के सह-संस्थापक विल मोनानेज ने कहा, हमें उम्मीद है कि ये खास कवायद एआई क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक ऑस्कर की तरह होगी। यहां तक कि इस प्रतियोगिता के जज भी एआई जनित होंगे। पैनल में एआई मॉडल ऐटाना लोपेज भी शामिल होगी।*

## खबर संक्षेप

### नहरिया बाबा मंदिर में आज संत सम्मेलन के साथ मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय में नहरिया बाबा (हनुमान जी) मंदिर है, जहां पूरे वर्ष श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं. यहां प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है. साथ ही प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं. वहीं हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल को है, जिसकी तैयारी मंदिर में की जा रही है. नहरिया बाबा मंदिर में हनुमान जयंती के दिन 50 हजार से अधिक संख्या में भक्त मत्था टेकते हैं और नहरिया बाबा जी का दर्शन करते है। हनुमान जयंती के अवसर पर मानस महायज्ञ और संत सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। हनुमान जयंती के दिन सुबह से लेकर रात तक भक्तों की भीड़ रहती है. मंदिर परिसर में मंदिर समिति द्वारा यहां भंडारे का आयोजन किया जाता है और सवामढ़ी प्रसाद बांटा जाता है. जिसमें बड़ी संख्या में भक्त प्रसाद ग्रहण किया करते हैं. दिनभर मंदिर में भजन-कीर्तन का दौर चलता रहता है. जांजगीर चांपा जिले से श्रद्धालु दर्शन करने आते ही है. इसके साथ ही अन्य जिलों और पड़ोसी राज्यों से भी भक्त दर्शन करने यहां आते है।

### जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कर रहा प्रेरित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस कड़ी में चेबंर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने स्वीप नोडल अधिकारी से चर्चा कर जिले के विभिन्न दुकानदारों और व्यवसायियों से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान उपरांत मतदान की स्याही दिखाने पर खरीददारी में छूट की पहल की है। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए किसी भी व्यापारिक संगठन, दुकानदार, व्यापारिक प्रतिष्ठान को अधिकृत नहीं किया गया है। दुकानदार स्वस्फूर्त इस अभियान में सहभागी बन रहें है एवं मतदान के इस पर्व में अपने सहभागी नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। सभी व्यापारियों के द्वारा इस पहल में बढ़-चढ़ कर भाग लेकर मतदान दिवस पर मतदान करने वाले नागरिकों को विशेष छूट प्रदाय किया जा रहा है।

### 7 मई को मतदान के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेंगी मदिरा दुकाने

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग, मंत्रालय के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आकाश छिकारा ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण के मतदान तिथि मंगलवार 7 मई को जिले में स्थित समस्त मदिरा दुकानों को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से अर्थात 5 मई को सायं 6 बजे से 7 मई तक सम्पूर्ण दिवस के लिए तथा मतगणना तिथि 4 जून मंगलवार को जिले के देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान जांजगीर, देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान नैला, प्रीमियम शॉप जांजगीर, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान खोखरा, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान पिसौद, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान सरखो एवं मद्यभाण्डागार जांजगीर को संपूर्ण दिवस के लिये बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि व शुष्क दिवस घोषित किया है।

### स्वीप एक्टिविटी के तहत जुंबा डांस वॉकथान रैली का हुआ आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में ऑडिटोरियम भवन जांजगीर में फैंसी ड्रेस कैट वॉक (महिलाओं द्वारा) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी जांजगीर विकास सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कुल 70 महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ महतारी, डॉक्टर, वकील, जज, पुलिस, गृहणी एवं वरिष्ट महिला नागरिक, क्रिकेटर, फुटबॉल प्लेयर एवं किसान आदि के वेशभूषा धारण कर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में सभी परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी एवं सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में सोमवार 22 अप्रैल को स्वीप एक्टिविटी के तहत जुंबा डांस एवं वॉकथान रैली का आयोजन किया गया। वॉकथान रैली महंत गार्डन से कचहरी चौक होते हुए हाई स्कूल मैदान तक निकाली गई। इसके साथ ही उपस्थित सभी को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

### निधन

#### अर्जुन पटेल



**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद के प्रतिष्ठित नागरिक अर्जुन पटेल का 17 अप्रैल को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनके अन्तिम संस्कार में स्वजातीय बंधु सहित शामिल हुए। वे अपने पीछे तीन पुत्र एवं एक पुत्री से भरा पुरा परिवार छोड़ कर चले गए।

धान के साथ साथ दलहन एवं तिलहन की फसल प्रभावित

# मौसम ने ली अचानक करवट, तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी, फसलों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को परेशान कर रखा है। खास करके रबी फसल लगाने वाले किसानों को नुकसान हो रहा है। उनकी धान, दलहन तिलहन और गेंहू, चना की फसलों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा सब्जी भाजी की फसलों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का अनुमान है।

वैसे तो पिछले दो तीन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा था। मौसम पर काले बादल छाने लगे थे। वहीं सोमवार 22 अप्रैल की शाम मौसम ने करवट ली और आसमान पर छाए काले बादलों ने गरज चमक के साथ बरसना शुरू कर दिया है। रात में झमाझम बारिश हुई। इससे शहर सहित पूरा अंचल तरबतर हो गया। पूरी रात मौसम का मिजाज बदला सा रहा। बैसाख के महीने में बूंदाबांदी होती रही। दूसरे दिन आसमान पर काले बादल छाए रहे और दोपहर के वक्त शहर सहित कई जगहों पर बारिश भी हुई। फिर शाम से लेकर देर रात तक रूक बूंदाबांदी होती रही। इस बेमौसम बरसात से गेंहू, चना के साथ सरसों, तिल, अरहर, मूंग सहित दलहन तिलहन सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। हवा की हल्के से झोके या फिर बरसात की दो चार बूंदे टपकते ही क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद हो जाती है। वहीं कही अंधड़ के साथ कुछ देर तक बारिश हो जाए तो यहां घंटों तक बिजली के दर्शन नहीं होते। इस तरह की समस्या ना केवल तुस्मा सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले दर्जन भर के करीब गांव में है, बल्कि शिवरीनारायण के शहरी क्षेत्रों में भी बिजली की आंख मिचौली रोज की बात हो गई है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



लगी ग्रीष्मकालीन धान की फसल।

#### देहात से बदतर हुई जिला मुख्यालय की बिजली व्यवस्था

दो दिनों से मौसम के बदले मिजाज और हो रही अंधड़ व बारिश ने जिला मुख्यालय जांजगीर की बिजली सप्लाई व्यवस्था की कलई खोलकर रख दी है। सोमवार 22 अप्रैल की शाम हवा के हल्के झोंकों के साथ बारिश शुरू होते ही जिला मुख्यालय सहित अंचल की बिजली व्यवस्था ठप हो गई। शहर में आधी रात तक बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी। कई मोहल्ले में देर शाम तक गुल हुई बिजली के दर्शन सुबह 4 बजे हुए। मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही शहर में बिजली सप्लाई व्यवस्था ठप हो गई। इसके बाद बारिश थमने के घंटों उपरांत बिजली सप्लाई शुरू हुई। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में तो रात भर बिजली के दर्शन नहीं हो रहे है। अब ऐसे में लोगों को बिना बिजली के ही दिन गुजारना पड़ा। जिसके चलते उपभोक्ताओं की बढ़ गई है।

# उड़नदस्ता दल, वीडियो निगरानी दल के कार्यों की करें मानिटरिंग

## लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा निर्वाचन के निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली। उन्होंने मतदान केंद्रों में पेयजल, बिजली, रैम्प, साफ-सफाई सहित अन्य सभी मुलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने कहा। साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन टीम के दल के कार्यों की लगातार मानिटरिंग करें। पोस्टल बैलेट (डाकमत पत्र) के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं से कोई मतदाता वंचित न रहे और होम वोटिंग के आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करने एवं वीडियोग्राफी करने निर्देश दिए। निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण में सभी अनिवार्य रूप से उपस्थित हो और गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें।उन्होंने निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सी-विजिल, निर्वाचन के दौरान कंट्रोल रूम, चिकित्सकीय दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए अवाश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



बैठक में दिशा निर्देश देते कलेक्टर।

### दो दिवसीय मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण आज से

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण 23 अप्रैल एवं 24 अप्रैल को समय प्रातः 9 बजे से जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर एवं डाइट जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर, सरस्वती शिशु मंदिर नैला जांजगीर एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक-01, जांजगीर में आयोजित किया गया है।

# धीमी गति से चल रहा नाली निर्माण कार्य आवागमन में हो रही परेशानी

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर वार्ड में नाली निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। जिसके चलते ना केवल आने जाने वाले लोगो को परेशानी उठानी पड रही है। बल्कि सी सी रोड के बीच में गिटटी को भी रख दिया गया है। वही मवेशी भी नाली निर्माण के लिए खोदे गए गडडो में गिर जा रहे है। इस समस्या को लेकर पालिका प्रशासन के जिम्मेदारो को कोई सरोकार तक नही है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के वार्ड नंबर 17 मे इन दिनो नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वही नाली निर्माण के कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। जिस रप्तार से काम होना चाहिए। वह नही हो पा रहा है। जिसके चलते आने जाने वाले लोगो को काफी परेशानी उठानी पड जा रही है। स्थिति यह है कि सीसी रोड के बीच में नाली निर्माण वाले जगह पर गिटटी को बीच में ही रख दिया गया है। वही इसके चलते मवेशी भी नाली में गिर रहे है। इस मार्ग से होकर लोग लिंक रोड, कचहरी चौक, शारदा मंदिर पुराना जिला अस्पताल सहित अन्य जगहो की ओर आवाजाही करते है। वही नाली निर्माण कार्य होने के कारण एक तरह से इस मार्ग से आवाजाही प्रभावित हो रही है। ऊपर से मार्ग में बीच पर ही गिटटी को रख दिया गया है। इस समस्या को लेकर पालिका प्रशासन के जिम्मेदारो को कोई सरोकार तक नही है। इसके अलावा जिला मुख्यालय जांजगीर के ही मुख्य मार्ग कचहरी से नेता जी चौक के मध्य नाली निर्माण कार्य कराने के लिए गडडे तो खोद लिए गए है। लेकिन उन गडडो को भरने ध्यान तक नही दिया जा रहा है।



सीसी रोड पर रखा गिट्टी।

# 130 घरों में एक साथ कराया गया गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

21 अप्रैल को हसौद में गायत्री यज्ञ की श्रृंखला में गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का हुआ आयोजन ब्रह्मऋषि पंडित राम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के संरक्षण में हसौद में 108 के वनिस्पत 130 घरों में गायत्री महायज्ञ का सफल आयोजन हुआ।

- सक्ती के अलावा कोरबा, जांजगीर, सारंगढ़ जिले से भी लोग हुए शामिल

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इस महायज्ञ की सारी सामग्री 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के संचालन समिति द्वारा आपूर्ति की गई। कार्यक्रम की रूपरेखा से लेकर संचालन, मार्गदर्शन पूरी व्यवस्था बनाने में अहम भूमिका गायत्री परिवार की प्रदेश की मुखिया छत्तीसगढ़ जोन प्रभारी श्रीमती आदर्श वर्मा एवं कोरबा उपजोन प्रभारी दानेश्वर शर्मा का योगदान रहा। 130 घरों में दो दिवस पूर्व सभी घरों में यज्ञ से संबंधित सारी सामग्री जिसमें हवन औषधि, घृत, नारियल गोला, मिष्ठान के रूप में इलायची दाना, पीला चावल, अगरबत्ती, दिया, बाती ,सुपारी लौंग, इलायची, कपूर, कलावा, यज्ञोपवीत, चंदन, माचिस, मां गायत्री की तैल चित्र, गुरुदेव रचित साहित्य, हवन विधि की पुस्तक, हवन के लिए समीधा, एक थैली में भरकर प्रत्येक घरों में पहुंचाया गया। 191 आचार्य एवं परिब्राजक ने आने की सहमति प्रदान की। सक्ती जिले से 103 आचार्य जिसमें शक्ति ब्लॉक के 40 मालखरौदा ब्लॉक से 30 डभरा ब्लॉक से 18 एवं जैजैपुर ब्लॉक से 15 इस तरह जांजगीर चांपा जिले से 18 कोरबा जिले से 19 रायगढ़ जिले से 20 एवं सारंगढ़ जिले से 31 आचार्य एवं परिब्राजक ने अपनी महती भूमिका अदा की। इसी कड़ी में यज्ञ के उपरांत सायंकालीन सहस्त्रवेदीय दिपमहायज्ञ का आयोजन बस स्टैंड में रखा गया।जिसमें सैकड़ो भाइयों एवं बहनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं दीप महायज्ञ संपन्न करने के लिए आडील से आई टोली जिसमें टोली नायक माखन गबेल, यादराम साहू, नारायण, समय लाल, भगवत प्रसाद साहू ने संपन्न कराई। कोरबा उपजोन से पहुंचे घनश्याम साहू ने कहा कि यज्ञ से मनुष्य में सद्बुद्धि एवं सदाचार आती है। इस आयोजन को सफल बनाने में कैलाश साहू निर्मलसिन्हा, गौरीशंकर साहू, भागराम जायसवाल, मोहनलाल कश्यप, बुधराम यादव, मनहरण लाल साहू, लहारु आदित्य, जितेंद्र साहू, कृष्णाजायसवाल, बलराम जयसवाल, श्रीमती सीमा साहू, श्रीमती विमला साहू, प्रेमा साहू एवं शतरूपा कश्यप का योगदान रहा। अंत में निर्मल सिन्हाजी ने अपने उद्बोधन मे सभी आयोजक मंडल के सदस्य एवं कार्यकर्ता एवं सभी आचार्य परिब्राजक एवं पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते गायत्री परिवार के सदस्य।

# सामाजिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

देवकीनंदन झेरिया यादव समाज की सांगठनिक बैठक जिला मुख्यालय चांपा केरा झेरिया में 20 अप्रैल को रखी गई थी। जिसमें सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं समाज के मेरिट आए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करने की बात कही गई।

ज्ञात हो कि चांपा के केराझेरिया में देवकीनंदन यादव समाज की बैठक शनिवार 20 अप्रैल को हुई। जिसमें समाज को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। जिला ईकाई तहसील इकाई केंद्र परिक्षेत्र से आए हुए स्वजातिय यादव बंधु उपस्थित हुए। बैठक में सामाजिक चर्चा शुरू हुआ चर्चा में कई ऐसी बातों पर विचार विमर्श किया गया इसी बीच पूछेली से प्रमोद यादव व उनके छोटे भाई लोकेश यादव ने बुधराम यादव बड़े गुरुजी के स्मृति में श्यामा फाउंडेशन के तत्वाधान में घोषणा किया कि यादव समाज के बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयनित होता है तो उसे श्यामा फाउंडेशन के द्वारा पुरस्कार राशि के रूप में 5 हजार 551 रुपए प्रदान किया जाएगा। यादव बंधु का बच्चों का सैनिक स्कूल में चयनित होता है तो उसे श्यामा फाउंडेशन पुछेली की ओर से 5 हजार 51 रुपए पुरस्कार राशि के रूप में दिया जाएगा। इसके अलावा जिले के किसी भी यादव बंधु के बच्चों का 10वीं या 12वीं में मेरिट लिस्ट या कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करता है तो उसे श्यामा फाउंडेशन पुछेली के संस्थापक प्रमोद यादव द्वारा 5551 रुपए पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाएगा। यादव बंधु के बच्चों को फ्री में नवोदय विद्यालय का प्रशिक्षण श्यामा फाउंडेशन पुछेली के तरफ निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। खोखरा निवासी छत्रपाल यादव ने कहा कि उन्होंने भी यह घोषणा किया कि हमारे जांजगीर चांपा जिला के किसी भी यादव बंधु के बच्चों का अगर अग्नि वीर में चयनित होता तो उसे अपने अकादमी के माध्यम से यादव समाज के बच्चों को फ्री निशुल्क प्रशिक्षण व कोचिंग नौकरी लगते तक दिया जाएगा। यादव समाज के जिलाध्यक्ष सुधीर यादव ने कहा कि यादव समाज की संस्कृति राउत नाचा बांस गीत यह परंपरा धीरे धीरे कम होती जा रही है, उसे हम लोग आने वाले समय में केरा झेरिया चांपा में धूम धाम से राउत नाचा ओर बांस गीत व कृष्णा जन्माष्टमी मनाया जाएगा। बैठक में यादव समाज के सरोज यादव, देवकीनंदन यादव सहित अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।



बैठक में शामिल यादव समाज के लोग।

# हनुमान जन्मोत्सव पर दीप दान महायज्ञ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कालो के काल भगवान भोलेनाथ महादेव के 11वें रुद्र के अवतारी राम भक्त हनुमानजी की जन्मोत्सव के पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के सामने जांजगीर में दो दिवशीय संकट निवारण मनोकामना दीप दान महायज्ञ का आयोजन किया गया है।

पं. किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखि सिद्ध हनुमान मंदिर जाजगीर ने जानकारी दी की संध्या 7 बजे संकट निवारण मनोकामना दीप दानप्रज्वलित किया गया मंगलवार 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। प्रात काल 4बजे हनुमानजी को गंगाजल से स्नान कराया जाएगा। सेन्दुराभिषेक पुजन आरती, 12 भोग अर्पण, 4 बजे खीर प्रसाद अर्पण कर वितरण किया जाएगा । हरि राधवेन्द्रधाम राम मंदिर पुरानी बस्ती से 4 बजे से हनुमान जन्मोत्सव की पावन अवसर पर हनुमतलला की पालकी यात्रा शोभायात्रा निकाली जावेगी जो पुरानी बस्ती से देवीदाई मंदिर काशी विश्वेश्वर नाथ महादेव मंदिर कचहरी चैक होते हुए श्री दक्षिण मुखी सिद्ध हनुमान मंदिर जांजगीर में हनुमान चालिसा का पाठ किया जाएगा



#### हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा व महाआरती आज

चांपा। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार 23 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंगलवार को शाम 6 बजे से परशुराम चैक स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा एवं महाआरती का भव्य आयोजन किया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में भंडारा का भी आयोजन किया जा रहा है। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर पुण्य के भागीदार बने। श्रीरामनवमी महोत्सव आयोजन समिति चांपा ने सभी श्रद्धालुओं को पहुंचने की अपील की है। वहीं आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारी की जा रही है। मंदिर को रंग रोगन के साथ आकर्षक लाईटिंग की व्यवस्था की गई है।

# बिहान समूह की महिलाओं ने शत प्रतिशत मतदान करने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ झरना

बिहान समूह के महिलाओं के द्वारा मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

**खास बात**

- ग्राम झरना के बजरंग चौक में निकाली जागरूकता रैली

ज्ञात हो कि शनिवार 20 अप्रैल को ग्राम झरना के बजरंग चौक के पास बिहान समूह के महिलाओं के द्वारा मतदान जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान करने की शपत दिलाई गई। जिसमें ग्राम के युवा, बुजुर्ग मतदाताओं में काफ़ी उत्सुकता देखने को मिला। एफएलसीआरपी भारती राठौर के द्वारा शपत दिलाया गया। इस मौके पर ग्राम संगठन की अध्यक्ष ईश्वरी राठौर सक्रीय महिला रामेश्वरी वैष्णव, शशि सारथी आर पी के भारती राते मोंगरा केवट, केंवरा केंवट, लक्ष्मीन वैष्णव, कपूर बाई, रतन बाई, ललिता श्रीवास, सरिता राठौर रामानुज राठौर तिजराम राठौर समय लाल यादव, लक्ष्मीदास ओमप्रकाश वैष्णव, एव समूह के अध्यक्ष सचिव तथा ग्राम के ग्रामीण मतदाता उपस्थित रहे।



शपथ लेते बिहान समूह की महिलाएं।

